>

Title: Regarding non-receipt of compensation amount under Pradhan Mantri Kisan Nidhi Yojna.

**श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां):** अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद कि आखिर में आपने राजस्थान के सांसदों में मुझे बोलने का चांस दिया । मुझे आपसे यह बात कहनी है कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने किसान सम्मान निधि योजना बनाई है, जिसमें राजस्थान के लगभग 55 से 60 लाख से ज्यादा किसान आते हैं । इसमें राज्य सरकार ने केवल 39 लाख किसानों का ही पैसा दिया है । बाकी लगभग 18 से 19 लाख जो किसान हैं, उनको वह राशि नहीं दी गई हैं । मैं आपका संरक्षण चाहता हूँ, क्योंकि आप भी राजस्थान से आते हैं, वित्त राज्य मंत्री भी यहीं बैठे हुए हैं । मैं आपसे संरक्षण चाहता हूँ कि हमारे प्रांत के लिए और आपके प्रांत के लिए, जहां से आप आते हैं, आप उनको इतना निर्देश दें कि जो प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि है, जो किसानों के लिए है, वह सभी किसानों को सही समय पर राज्य सरकार द्वारा दी जाए । राज्य सरकार ने चुनाव के वक्त लगभग दो लाख रुपये से ऊपर की राशि से किसान को कर्ज़ा मुक्त करने की बात कही थी । वह काम अब तक हुआ नहीं है, उन्होंने सबको गुमराह किया है । मैं आपसे इतना ही कहना चाहता हूँ कि हमारे किसानों को यह किसान निधि जल्दी ही मिल जाए ।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सी.पी. जोशी एवं श्री सुधीर गुप्ता को श्री दुष्यंत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।